मध्यप्रदेश विधान सभा

अक्टूबर–दिसम्बर, 2000 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 15 नवम्बर, 2000 (कार्तिक 24,1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री अजय मुशरान, वित्त मंत्री, राज्य वित्त निगम अधिनियम, 1951 (क्रमांक 63 सन् 1951) की धारा 37 की उपधारा (7) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश वित्त निगम का दिनांक 31 मार्च, 1999 को समाप्त वर्ष के लेखाओं का लेखा परीक्षा प्रतिवेदन पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री तेजसिंह सेंधव, हिम्मत कोठारी, भूपेन्द्र सिंह, सदस्य, रतलाम जिले के ग्राम खाराखेड़ी के पास एक व्यक्ति की हत्या होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री बाबूलाल गौर, सदस्य, सीहोर जिले के नीमटोन वन क्षेत्र में वन आरक्षक की गोली से एक आदिवासी की मौत होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री महेन्द्र बौद्ध, गृह मंत्री, मध्यप्रदेश विशेष क्षेत्र सुरक्षा विधेयक, 2000 (क्रमांक 29 सन् 2000) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

5. प्रतिवेदनों पर चर्चा

निर्धारित समय 3 घन्टे

मध्यप्रदेश लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त का सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997–98 एवं 1998–99, लोक आयुक्त संगठन का सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997–98 एवं 1998–99 व्याख्यात्मक ज्ञापन तथा मध्यप्रदेश लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त के सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन के अंग्रेजी अंश का हिन्दी रूपान्तर पर चर्चा.

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 14 नवम्बर, 2000